कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 23/11/2021

//प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में सात दिवसीय कार्यशाला

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के स्नातकोत्तर प्राणीशास्त्र विभाग के तत्वाधान में जैवविविधता एवं संरक्षण विषय पर सात दिवसीय वर्चुअल कार्यशाला आयोजित की गई।

यह कार्यशाला शास0 दिग्विजय स्वशासी स्ना0 महा0 राजनाँदगाँव एवं भिलाई महिला महाविद्यालय सेक्टर–9 के संयुक्त सहयोग से आयोजित की गई। कार्यशाला के संयोजक प्राणीशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. निसरीन हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला में विभिन्न विषय–विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान में जैवविविधता के क्षेत्र में किये जा रहे विश्व–व्यापी प्रयासों पर प्रकाश डाला।

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के डॉ. माजिद अली ने वन संरक्षण अधिनियम की जानकारी विस्तृत रूप से छात्राओं को दी। भिलाई महिला महाविद्यालय की डॉ. सोनिया बजाज ने जैव विविधता के महत्वपूर्ण ज्वलन्त बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। जम्मू के प्राध्यापक डॉ. तौसिक हुसैन ने जम्मू क्षेत्र में पाये जाने वाले पौधों की जानकारी दी। जो विभिन्न रोगों के लिये लाभकारी औषधियों की तरह काम आते है। सुप्रसिद्ध फोटोग्राफर प्रणव राय ने जैव विविधता संरक्षण में फोटोग्राफी के महत्व को समझाया।

इस कार्यशाला में तीनों महाविद्यालयों के प्राचार्य क्रमशः डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी, डॉ. बी.एन. मेश्राम, डॉ. संध्या मदन मोहन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

विभिन्न महाविद्यालयों के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय खिसके, डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव एवं डॉ. निसरीन हुसैन ने कार्यशाला के सफल संचालन में योगदान दिया। कार्यशाला के अंत में डॉ. लता मेश्राम ने आभार व्यक्त किया।

इस कार्यशाला में तीनों महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला के संचालन में श्रीमती प्रीति सिन्हा एवं प्रियंका देवांगन ने सक्रिय भूमिका निभाई।




*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)